तीन शातिर साइबर ठग गिरफ्तार, 47,500 रुपये नकद बरामद

आरोपियों से 2 लैपटॉप, 2 एटीएम कार्ड भी बरामद किए

भवानीमंडी, (निसं)। ऑपरेशन म्यूल हंटर में भवानीमंडी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है और पुलिस ने तीन शातिर साइबर ठग गिरफ्तार किए है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 47,500 रुपये नकद, 2लैपटॉप, 02 एटीएम कार्ड, 5 बैंक पासबुक, 1 चेकबुक जब्त की है।

साइबर अपराधों पर लगाम कसने के लिए भवानीमंडी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत पुलिस ने दूसरी बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो बैंक खातों की खरीद-फरोख्त कर उन्हें साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान 14 अप्रैल को सूचना मिली कि एक निजी बैंक की भवानीमंडी शाखा का एक खाता संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है। तकनीकी विश्लेषण और जांच के बाद पता चला कि यह खाता अजय वर्मा के नाम पर था और इसका उपयोग साइबर ठगी के पैसों के लेन-देन के लिए किया जा रहा था। भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में टीम का गङ्गन किया गया। गङ्गित टीम द्वारा प्राप्त सूचना व तकनीकी विश्लेषण द्वारा साईबर अपराध में संलिप्त बैंक खातों व खाता धारको की जानकारी प्राप्त की जाकर म्युल खाता धारक अजय वर्मा पुत्र दिलीप कुमार वर्मा जाति बसेडा उम्र 28 साल निवासी खण्डिया कॉलोनी झालावाड़ पुलिस थाना कोतवाली झालावाड़ जिला-झालावाड (राज.) व खाता खरीदने वाले आरोपीगण अरविन्द मीणा पुत्र राजूलाल जाति मीणा उम्र 25 साल निवासी मोरेली पुलिस थाना अकलेरा जिला-झालावाड (राज.) राजकुमार मेघवाल पुत्र रामप्रसाद जाति मेघवाल उम्र-25 साल निवासी मुण्डेरी पुलिस थाना मण्डावर जिला-झालावाड (राज.) को भी गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। गिरफ्तार आरोपी अजय वर्मा, अरविन्द मीणा राजकुमार मेघवाल म्यूल अकाउंट्स का नेटवर्क जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि ये आरोपी लाखों रुपये देकर अन्य लोगों के बैंक खाते खरीदते थे और फिर उन्हें बड़े साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे। इन श्म्यूल खातों के जरिए देशभर में करोड़ों रुपये की ङ्गगी को अंजाम दिया जा रहा था। इन खातों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें पहले से दर्ज हैं।



भवानीमंडी पुलिस ने साइबर ठगी के उपकरण सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

■ ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत पुलिस ने दूसरी बड़ी सफलता हासिल की

शिक्षकों से भरी कार पलटी, सभी सुरक्षित

सूरतगढ़ । शिक्षा ब्लॉक क्षेत्र के गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल बिरधवाल हेड के पास बुधवार को शिक्षकों से भरी एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय कार में तीन महिला और दो पुरुष शिक्षक सवार थे। सौभाग्य से इस हादसे में कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई और सभी शिक्षक सुरक्षित रहे।

जानकारी के अनुसार कार को शिक्षक संजीव भारद्वाज चला रहे थे। सुबह ड्यूटी पर जाते समय स्कूल से करीब 400 मीटर पहले अचानक वाहन में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया। ड्राइवर ने स्थिति को संभालने का पूरा प्रयास किया, लेकिन ब्रेक सहित अन्य महत्वपूर्ण पुर्जों के काम करना बंद कर देने से कार पूरी तरह अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार तेजी से आगे बढ़ती हुई स्कूल गेट तक पहुंची और अंत में स्कूल की दीवार से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने बिना देर किए सभी घायलों को निजी वाहनों की मदद से सूरतगढ़ के निजी अस्पताल पहुंचाया।

घायलों में प्रेमलता, सपना, डिंपल चौधरी, संजीव भारद्वाज और रंजीत सोढा शामिल हैं। निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने सभी का तुरंत उपचार किया। डिंपल चौधरी, संजीव भारद्वाज और रंजीत सोढा को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि प्रेमलता और सपना के गर्दन व कान के पास चोटें आई थीं। जांच के बाद उन्हें भी उपचार देकर घर भेज दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी शिक्षकों की हालत अब सामान्य है और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। सभी शिक्षक बिरधवाल हेड के गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल में कार्यरत हैं।

■ तकनीकी खराबी से अनियंत्रित हुई गाड़ी, बिरधवाल स्कूल के पास हादसा

संगठनात्मक कार्यक्रमों में अनुपस्थिति पर सख्ती

अजमेर, (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया है। हाल के आयोजनों में कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी लगातार अनुपस्थित पाए गए हैं।

कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा, सामाजिक न्याय और प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। ऐसे कार्यक्रमों से दूरी बनाना अनुशासनहीनता माना जाएगा। पार्टी द्वारा प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को भेजी जा रही है, जो आगामी नगर निगम चुनावों, संगठनात्मक नियुक्तियों और जिम्मेदारियों के निर्धारण का आधार बनेगी। हाल ही में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती और महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती में अनुपस्थित रहने वाले कार्यकर्ताओं की सूची प्रदेश स्तर पर भेजी जा रही है। साथ ही, आधिकारिक कार्यक्रमों से अलग आयोजित गतिविधियों की जानकारी भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित की जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी ने निर्देश दिए हैं कि अनुपस्थित रहने वाले सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी शीघ्र ही कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। बिना उचित कारण के अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा।

9100 लीटर वाश नष्ट, 17 भट्ठियां तोड़ीं

हनुमानगढ़ । जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने दो दिवसीय संयुक्त अभियान चलाया। इस बड़ी कार्रवाई के दौरान विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर करीब 9100 लीटर लाहन (वाश) नष्ट किया गया। साथ ही 17 कच्ची भट्ठियों को भी तोड़ दिया गया और अवैध शराब बरामद कर दो मामले दर्ज किए गए।

आबकारी आयुक्त एवं जिला कलेक्टर के निर्देश पर यह अभियान उपायुक्त आबकारी निरोधक दल, जोन बीकानेर के नेतृत्व में संचालित हुआ। टीम ने जिले के गंगागढ़, गंगाघाट, देबूघाट, मक्कासर, मक्कासर नहर, अमरपुरथेड़ी, सुरेशिया, चंदड़ा और नवां सहित कई अन्य क्षेत्रों में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान हथकढ़ शराब बनाने के लिए तैयार बड़ी मात्रा में लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अतिरिक्त 46 पव्वे देशी शराब और लगभग 3 लीटर हथकढ़ शराब भी बरामद की गई। विभाग ने इस संबंध में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिला आबकारी अधिकारी संजीव पटावरी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में इस तरह की गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 28 अभियोग दर्ज किए जा चुके हैं, जो विभाग की सक्रियता को दर्शाता है।

■ अवैध शराब बरामद कर 2 मामले दर्ज किए, टीम ने कई इलाकों में की छापेमारी

सिख समाज ने मृत्यु भोज पर लिया फैसला

अनूपगढ़ । यहा सिंह सभा गुरुद्वारे में सर्व सिख समाज ने मृत्यु भोज को लेकर एक महत्वपूर्ण निणन्य लिया है। अब किसी भी परिवार में मृत्यु के बाद आयोजित लंगर में केवल दाल, सब्जी, प्रसादा और जल ही परोसा जाएगा। मिठाइयों और अन्य व्यंजनों पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

यह फैसला समाज में अनावश्यक खर्च को रोकने और दुख की घड़ी में सादगी व सेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया है। इस निणन्य के प्रचार-प्रसार के लिए आगामी 5 मई को गुरुद्वारा सिंह सभा, अनूपगढ़ में एक विशाल बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक में जट सिख महासभा के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह उर्फ पप्पू, कंबोज महासभा के अध्यक्ष अजीत सिंह धांजू, प्रकाश सिंह जोसन, वरिंदर सिंह ढिल्लों, जालंधर सिंह टूर, गोरा सिंह भुल्लर, दर्शन सिंह बराड़, गुरविंदर सिंह जाखड़, प्रेम सिंह मली, सर्वजीत सिंह, गुरदेव सिंह टूरना, परमजीत सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह बराड़, करमजीत सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

■ लंगर में होगी सिर्फ दाल, सब्जी और प्रसादा, मिठाइयों पर रोक

'परिवार ने हिरण को बच्चे की तरह पाला'

बीकानेर । यहां एक किसान परिवार ने हिरण को बच्चे की तरह पाला। डेढ़ साल तक उसका ख्याल रखा। उसे बोतल से दूध पिलाया। बच्चे उसके साथ खेलते। हिरण के बच्चे की मां को कुत्तों ने मार दिया था।

श्रीसनातन धर्मा गोसेवा मरुधर थार संस्था की टीम हिरण के बच्चे को लेने किसान हनुमानराम मेघवाल के घर पहुंची। परिवार ने तिलक लगाकर और मिश्री खिलाकर उसे विदा किया।

इस दौरान किसान की पत्नी से लेकर बच्चे तक फूट-फूटकर रोने लगे। मामला बीकानेर के कोलायत के ग्रांधी गांव का है। परिवार ने हिरण के बच्चे का नाम 'कमल' रखा था।

संस्था के संचालक ओम फौजी ने बताया- हनुमानराम के खेत के पास करीब डेढ़ साल पहले एक मादा हिरण का कुत्तों ने मार डाला था। हिरण का बच्चा अपनी मां के आसपास घूम रहा था। तभी हनुमानराम की नजर उस पर पड़ी। कुत्ते हिरण के बच्चे को न मार दें, इसलिए हनुमानराम उसे अपने घर ले आए थे।

जब हनुमानराम हिरण के बच्चे को लेकर घर पहुंचे तो उनके दोनों बेटे गिरधारी, पवन और बेटी तुलसी काफी खुश हुए। ढाणी में ही हिरण के बच्चे के लिए एक छोटा कमरा रखा। किसान की पत्नी केसर अपने बच्चे की तरह इसकी देखभाल करने लगी। दूध की बोतल से उसे बकरी का दूध पिलाती और दिनभर उसका ख्याल रखने लगी।

परिवार का हिरण के बच्चे से इतना लगाव हो गया कि बच्चे दिनभर उसी के साथ खेलते थे। यहां तक कि ढाणी से बाहर भी जाना होता तो उसे अकेला नहीं छोड़ते थे। उसे अपने साथ लेकर जाते थे। संस्था के लोगों ने बताया कि किसान ने हिरण के इस बच्चे को परिवार का हिस्सा मान लिया था।

हनुमानराम ने बताया कि हिरण के बड़ा होने पर सींग निकल आए थे। ऐसे में उसके चोट लगने की आशंका बढ़ गई थी। परिवार के लोगों को भी डर सताने लगा था कि कहीं भाग गया या किसी ने शिकार कर लिया तो परेशानी बढ़ सकती है।

इस पर परिवार ने श्रीसनातन धर्म गोसेवा मरुधर थार संस्था से संपर्क किया। संस्था के लोग हिरण के बच्चे को लेने पहुंचे। बच्चों ने विदाई से पहले उसे दूध पिलाया और साथ में खेले। यही नहीं, उसके गले में घंटी भी बांधी। जब उसे पिकअप में बैठाया जा रहा था तो पूरा परिवार उसे छोड़ने पहुंचा।

ओम फौजी ने बताया कि यह पहला मौका नहीं है। इससे पहले भी कई बार लोगों ने अनाथ हिरण के बच्चों को अपने घर में पालने के बाद बड़ा होने पर प्राकृतिक आवास में छोड़ा है। भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित मोडायत गांव में मदनलाल ठेकेदार ने भी इसी तरह एक हिरण के बच्चे का पालन-पोषण कर उसे समराथल धोरा में छोड़ा था।

■ हिरण के बच्चे को बोतल से दूध पिलाते है

असिस्टेंट इंजीनियर ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। बूंदी में बिजली विभाग में कार्यरत असिस्टेंट इंजीनीयर (एईएन) ने भीमगंजमंडी थाना क्षेत्र मे स्थित अपने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया। मृतक गोपाल कृष्ण भीमगंजमंडी इलाके के डडवाडा क्षेत्र में रहते थे ।

जानकारी के अनुसार मामले में सामने आया कि गोपाल कृष्ण ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया, जिसे नीचे उतारकर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि डडवाडा निवासी गोपाल कृष्ण (50) ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली, मृतक बूंदी में बिजली विभाग में एईएन के पद पर थे, थानाधिकारी ने बताया कि मृतक की पत्नी जयपुर में फर्स्ट ग्रेड टीचर के पद पर है जो कुछ महीनों से पति से अलग जयपुर में रह रही थी, मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया है । थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नही आया है, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पुष्कर में कृष्ण भवन का लोकार्पण

पुष्कर, । तीर्थ नगरी पुष्कर स्थित श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन में नवनिर्मित कृष्ण भवन का लोकार्पण बुधवार को भव्य समारोह में संपन्न हुआ। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, अयोध्या के कोषाध्यक्ष संत गोविंद देव गिरी महाराज ने विधिवत अनावरण कर भवन को समाज को समर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ, पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। प्रातः 11:15 बजे महाराज ने पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर कई भक्त मौजूद थे।

पुलिस ने बरामद किए 35 लाख के मोबाइल

श्रीगंगानगर । चोरी और गुमशुदा मोबाइलों की तलाश में जुटी श्रीगंगानगर जिला पुलिस ने 35 लाख के 138 मोबाइल फोन किए हैं। जिसके बाद बरामद किए गए मोबाइलों को उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया। एसपी हरी शंकर ने बताया- सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज गुमशुदा व चोरी हुए मोबाइलों को ट्रेस करने के लिए 12 मार्च 2026 से विशेष अभियान चलाया गया था।

इस अभियान के दौरान श्रीगंगानगर पुलिस ने न सिर्फ अपने जिले बल्कि बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से मोबाइल फोन बरामद किए। आज बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन, श्रीगंगानगर में एक कार्यक्रम आयोजित कर इन बरामद मोबाइलों को उनके सही मालिकों को सौंप दिया गया। थाना कोतवाली के कॉन्स्टेबल सुशील कुमार ने 26, जवाहरनगर के सोहनलाल ने 25 मोबाइल बरामद किए हैं। वहीं, घड़साना के राजेश ने 16, पुरानी आबादी के अनिल, सादुलशहर के दीपक, अनूपगढ़ के राजेंद्र और थाना श्रीकरणपुर के महावीर ने भी 10-10 मोबाइल बरामद किए हैं। एसपी ने लोगों से कहा- अगर आपका मोबाइल गुम हो गया हो या चोरी हो गया हो तो तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है कि आपकी संपत्ति आपको वापस मिल सके।

■ यूपी, बिहार, राजस्थान और हरियाणा से ट्रैस किए; मालिकों को लौटाए

राशन गेहूं के लिए जनता घंटों कतार में, व्यवस्था लाचार

उपभोक्ता व डीलर परेशान, अप्रैल माह के साथ ही बांटा जा रहा है मई और जून माह का गेहूं

कोटा, (निसं)। शहर में इस समय राशन उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की तरफ से अप्रैल माह के साथ ही मई और जून का गेहूं भी वितरित किया जा रहा है। इस वजह से शहर की राशन दुकानों पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। भारी भीड़ के कारण कई बार विवाद की स्थिति खड़ी हो रही है। राशन उपभोक्ता रात से ही दुकानों के आगे लाइन लगाकर खड़े हैं। उनका कहना है कि दो-दो, तीन- तीन दिन से गेहूं लेने के लिए कतार में खड़े हैं परंतु फिर भी गेहूं नहीं मिल पा रहा।

सामने आ रहा है कि कई राशन डीलर एक ही दिन में गेहूं का वितरण करके फ्री हो गए हैं। परंतु उनके क्षेत्र के लोगों को गेहूं नहीं मिल पाया है। जिस कारण से उपभोक्ता दूसरे इलाकों की दुकानों पर पहुंच रहे हैं। जिस कारण राशन दुकानों पर भारी और हंगामें की स्थिति बन रही है। ऐसे ही हालातो के चलते महावीर नगर विस्तार योजना स्थित राशन की दुकान पर बुधवार को उस समय अव्यवस्था एवं अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई,जब तीन माह का राशन एक साथ वितरण किए जाने के आदेश के चलते बड़ी संख्या में उपभोक्ता एकत्र हो गए। स्थानीय उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों के निवासी भी राशन लेने पहुंच गए, जिससे भीड़ और अधिक बढ़ गई तथा आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच लंबी कतारों से परेशान आमजन में भारी आक्रोश देखने को मिला। राशन डीलर महिला को व्यवस्थाएं बनाने के लिए महावीर नगर थाने से पुलिस का जाप्ता बुलाना पड़ा। डीलर की सूचना पर महावीर नगर पुलिस का जाप्ता भी मौके पर पहुंचा और लोगों को समझने का प्रयास किया। लेकिन आमजन रात से ही लाइन में लगा हुआ था इस कारण से लोगों के मन में काफी पीड़ा थी जिसे उन्होंने पुलिस के सम्मुख भी व्यक्त किया। पुलिस के द्वारा भी लोगों की समस्या को गंभीरता से सुनकर उसका समाधान करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद एवं महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम मौके पर पहुँचीं। इस मौके पर ब्लॉक उपाध्यक्ष रमेश यादव व रोहित प्रजापति मौजूद थे। उन्होंने उपस्थित उपभोक्ताओं की समस्याएँ सुनीं, उन्हें समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया तथा मौके पर ही जिला रसद अधिकारी से वार्ता कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। जिला अध्यक्ष शालिनी गौतम ने कहा कि खाद्य विभाग द्वारा अप्रैल के साथ मई एवं जून माह का राशन एक साथ वितरित करने का निर्णय सराहनीय है, लेकिन उचित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के अभाव में उपभोक्ताओं और राशन डीलरों दोनों को कङ्गिनाइयों का सामना करना पड रहा है। एक साथ अधिक मात्रा में वितरण होने से प्रक्रिया में अधिक समय लग रहा है, जिसके कारण राशन की दुकानों पर अत्यधिक भीड़ एकत्र हो रही है और लोगों को घंटों तक कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। राशन डीलरों के अनुसार विभागीय नियमों के तहत एक उपभोक्ता का पूरा राशन वितरण होने तक दूसरे उपभोक्ता की एंट्री पॉस मशीन में संभव नहीं है। अप्रैल माह का राशन देने के साथ प्रत्येक उपभोक्ता के लिए मशीन में मई और जून के गेहूं के लिए दो-तीन बार प्रक्रिया करनी पड़ती है जिसमें लगभग 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। इसी कारण है कि कई स्थानों पर सुबह 5 बजे से ही लंबी कतारें लग रही हैं।

कोटा के महावीर नगर विस्तार योजना में राशन की दुकान पर हंगामें की स्थिति के बाद पार्षद शालिनी गौतम ने गेहूं वितरण शुरू करवाया।

■ पुलिस और स्थानीय पार्षद की दखल से शुरू हो पाया गेहूं वितरण

दिव्या जाजू बनी मिसेज बूंदी

बून्दी (निसं)। जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा स्थानीय रिसोर्ट में महिलाओं के लिए एक रोमांचक मिस एंड मिसेज बूंदी 2026 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कई महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई प्रतियोगिता तीन मनोरंजक राउंड में संपन्न हुई। आकर्षक रैंप वॉक रचनात्मक परिचय व अद्भुत टैलेंट राउंड और प्रश्न उत्तर शामिल थे। जिसमें प्रतियोगियों ने बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। मिस दिवा 2022 डॉक्टर रसीला भूरिया डॉक्टर ममता चौधरी मिसेज वोगेस्टर 2023 व रुचि जौहरी मिसेज न्यू फेस 2024 ने निर्णायक की भूमिका निभाई । उन्होंने प्रत्येक प्रतिभागियो के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया और अंत में अपना निर्णय दिया । मिसेज बूँदी 2026 - दिव्या जाजू , मिस बूँदी 2026 - काव्या गुरबानी , मिसेज बूँदी 2026 फर्स्ट रनर अप शेली माहेश्वरी , मिस बूँदी 2026 फर्स्ट रनर अप कृति अरोड़ा , मिसेज बूँदी 2026 सेकंड रनर अप नेहा झंवर , मिस बूँदी 2026 सेकंड रनर अप नव्या भंडारी , मिसेज आउटस्टैंडिंग परफॉर्मर शोभा कास्ट , मिस आउटस्टैंडिंग परफॉर्मर आश्वी तोतला, मिसेज एलिगेंट डॉ. निर्मला, मिस एलिगेंट जिया भंडारी

मिसेज ग्लैमरस निशा सालिवाल , मिस ग्लैमरस आरवी माहेश्वरी 2026 आदि को खिताब से नवाजा ।

जेसीआई बूंदी ऊर्जा की सदस्य प्रिया जैन व नेहा शर्मा ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अंकिता नुवाल ने सभी का स्वागत किया ।

कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर
Near Collector Office, Bikaner (Rajasthan) Fax :- 91-151-2226012, Phone :-91-151-2226012, 91-151-2226013
E-Mail Address:- uitbikaner@yahoo.co.in Web Site :- urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner
क्रमांक - बीविप्रा./बीका/अ.अभि/2026-27/राजकाज 21396694 दिनांक :- 02/04/2026
निविदा सूचना संख्या 01/II/2026-27
बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर की ओर से अखिल भारतीय स्तर, प्राधिकरण एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्य हेतु मुहरबंद ई.ओ.आई. आमंत्रित की जाती है। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने प्राप्त करने व खोलने की दिनांक एवं निविदा शर्तों आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://lsg.rajasthan.gov.in/bda पर देखा जा सकता है।
UBN No. :- ITB2627SLOB00003
राज.संवाद/सी/26/811 अधिशाषी अभियन्ता

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
संशोधित निविदा सूचना - 01 दिनांक :- 13/04/2026

निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
आर.एस.एम.एम./एसबीयू एण्ड पीसी-एल.एस/प्रमुख एंव प्रभारी एलएस/संविदा- 12/2025-26 दिनांक 09.03.2026 UBN No. MML2526WSOB00170	जोधपुर कार्यालय के अधीन जैसलमेर एवं गोटन ईकाइ स्थित खदान में कार्य करने हेतु अनुबन्ध के आधार पर कम्प्यूटर पर कार्य करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर की संख्या 26। अनुमानित मूल्य (रू.) 151.83 लाख, धरोहर राशि (रू.) - 304000/-, निविदा राशि- 4720/- निविदा प्रस्तुत करने की संशोधित तिथि 20.04.2026 को सांय 3.00 बजे तक, निविदा के तकनिकी प्रस्ताव खुलने की संशोधित तिथि 21.04.2026 को सांय 3.30 बजे।

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/26/807 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल
2-2, ए झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन 0141-2711237, 2703657, 2700540 फैक्स : 0141-2710362
Email : secretary.rstb@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- एफ-3/1/स्टोर/रापाम/2026/ दिनांक :- 10/04/2026
ई-बिड सूचना संख्या 372 वर्ष 2026
एक वर्ष के लिए मण्डल मुख्यालय पर सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से जॉब बेसिस पर मशीन विद मैन (कम्प्यूटर ऑपरेटर) की सेवायें अनुबंधित किये जाने हेतु ऑन लाईन माध्यम से ई-बोलियां दिनांक 20.04.2026 सांय 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बोली की अनुमानित लागत 40.00 लाख है। निविदा से संबंधित विवरण एवं शर्तें वैबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है एवं https://eproc.rajasthan.gov.in से अपलोड व देखे जा सकते है।
UBN No. : TBB2627SLOB00001
राज.संवाद/सी/26/833 सचिव

कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :-न.प.सु/विकास शाखा/2026/195 दिनांक :- 07.04.2026
:-ई-निविदा सूचना-2026-27:-
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 20.04.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2627WSOB00861), (DLB2627WSOB00862) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/26/801 नगर परिषद, सुजानगढ

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर
OFFICE OF JET COORDINATOR
No. :- F ( )/SKRAU/JET/Pre-PG/Ph.D/2026/16 Dated :- 13/04/2026
अधिसूचना (Notification)
जेट/प्री-पीजी/पीएचडी प्रवेश परीक्षा-2026 के तहत राजस्थान राज्य के कृषि/पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों और निजी विश्वविद्यालयों/कॉलेजों (राजस्थान सरकार द्वारा केवल कृषि के लिए अनुमति प्राप्त) द्वारा प्रस्तावित विभिन्न कृषि और संबद्ध डिग्री पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा दिनांक 21 जून 2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 18.04.2026 से 17.05.2026 तक और विलंब शुल्क के साथ 20.05.2026 तक JET की अधिकारिक वेबसाइट https://www.jetskrau2026.com पर भरा जा सकता है। अधिक जानकारी जैसे पात्रता, परीक्षा समय सारणी इत्यादि के लिए कृपया वेबसाइट पर उपलबध नियमावलियों (Guideline Booklets) का अवलोकन करें।
जेट समन्वयक
राज.संवाद/सी/26/814 जेट/प्री-पीजी/प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा-2026

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2026-27/16 - 18 Date :- 10/04/2026
ई-निविदा सूचना संख्या : 05/2026-27
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा कार्यो की कुल लागत	रूपये 282.92 लाख (03 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	11.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 27.04.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	11.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 27.04.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	28.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2627WSOB00007 To ITU2627WSOB00008
अधिशाषी अभियन्ता - प्रथम
राज.संवाद/सी/26/810 उदयपुर विकास प्राधिकरण